पार्षद पति, अध्यक्ष पति, सरपंच पति जैसी प्रथाओं को खत्म कर बहनों का दिलाना होगा असली हक : सिंधिया

रेवा शक्ति अभियान, हद्य अभियान और एकल सेवा पोर्टल का केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को स्थानीय माधव भवन में आयोजित रेवा शक्ति, हृदय अभियान, एकल सेवा पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित महिला शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि अब प्रधान पति, सरपंच पति, जिला पंचायत पति और अध्यक्ष पति जैसी प्रथाओं को खत्म करना होगा, और महिलाओं को अपना हक अपने हाथों में लेना होगा। उन्होंने महिलाओं को दूसरी पंक्ति में धकेलने वाली इन प्रथाओं की आलोचना की और महिलाओं को उनका असली हक दिलाने के संकल्प का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं को बेटियों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बेटी केवल परिवार की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की पहचान है। जब एक बेटी जन्म लेती है तो वह केवल घर का नहीं बल्कि पूरे समाज का भविष्य गढ़ती है।उन्होंने एकल सेवा पोर्टल, हृदय योजना और रेवा शक्ति अभियान से क्षेत्र को मिलने वाले लाभों को भी रेखांकित करते हुए कहा कि यह योजनाएं क्षेत्र में सुशासन की नई परिभाषा गढ़ेगी।

बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है सुकन्या समृद्धि योजना:

1 मई से लेकर अब तक अशोकनगर, गुना और शिवपुरी जिलों में कुल 1702 सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए हैं। इनमें से 518 खाते अकेले अशोकनगर की बेटियों के नाम पर खुले हैं। सिंधिया ने इन खातों में उन्होंने स्वयं निजी सहयोग दिया है और यह सहयोग वे हर उस बिटिया के खाते में करेंगे जिसका खाता 1 मई 2026 तक खुलेगा। उन्होंने कहा कि यह छोटा सा सहयोग इस क्षेत्र में बेटियों के उत्थान और उनके हौसले को उड़ान देने के लिए उत्प्रेरक बनेगा। उन्हें विश्वास है कि हर अभिभावक इस पहल से प्रेरणा लेकर अपनी बेटियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेगा क्योंकि एक बेटी कल को माँ बनती है और अपने नौनिहालों को संस्कार देकर समाज और राष्ट्र का भविष्य तय करती है।

रेवा शक्ति अभियान के तहत 44 सौ बच्चों को सुपोषित करने का लक्ष्य :

श्री सिंधिया ने रेवा शक्ति अभियान के मुख्य उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटियां बोझ नहीं,वरदान हैं। इस अभियान के अंतर्गत जिले के केवल एक या दो बेटियों वाले परिवारों का पंजीयन किया गया है। उन्हें विशेष डिजिटल कार्ड दिए जा रहे हैं, पंजीकृत परिवारों को शिक्षा शुल्क में छूट, स्वास्थ्य सेवाओं में प्राथमिकता, छात्रवृत्ति, किराए में रियायत और सामाजिक सम्मान जैसी सुविधाएँ मिलेंगी। इससे बेटियों को पढ़ाई और आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। जिले में इस अभियान के अंतर्गत कुपोषण दूर करने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है। अब तक 4,700 कुपोषित बच्चों की पहचान की गई थी, जिनमें से 4,400 बच्चों को सुपोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है, कि जिले का प्रत्येक बच्चा पूर्ण रूप से सुपोषित हो और स्वस्थ जीवन जी सके।

21 सौ से अधिक गर्भवती माताओं को मिला हृदय अभियान का लाभ :

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हजारों कुपोषित बच्चों और गर्भवती माताओं को सुरक्षित मातृत्व और पोषण सेवाएं मिल रही हैं। अब तक 2100 से अधिक माताओं का पंजीयन और 2000 बच्चों का कुपोषण प्रबंधन किया गया है। श्री सिंधिया ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे और कोई भी बच्चा कुपोषित न हो। उन्होंने कुपोषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कुपोषण आज भारत में कोई बीमारी नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक व्यवस्था की एक कमी है। इसका सुधार हमें मिलकर करना होगा।

लोगों को सीधे लाभ पहुंचाएगा पोर्टल :

एकल सेवा पोर्टल का शुभारंभ करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह डिजिटल पोर्टल लोगों को 2437 सरकारी सेवाओं और योजनाओं तक पारदर्शी, सुरक्षित पहुँच देगा। सिंधिया ने कहा कि इस तकनीकी पहल से आमजन का जीवन और आसान होगा और बेटियों के नाम से खुले खाते और योजनाएँ समय पर लाभ पहुंचाएँगी। इस पोर्टल से पात्र नागरिकों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचेगा, आवेदन का समय पर निराकरण व स्थिति की जानकारी मिलेगी एवं पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

महिलाओं को प्रथम पंक्ति में लाने के लिए निरंतर कार्यरत :

कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैंने कई वर्षों से प्रयास किए हैं कि महिलाएं प्रथम पंक्ति में आएं और जब महिलाएं प्रथम पंक्ति में आती हैं, तब भी पुरूष उन पर काबिज होने की कोशिश करते हैं। इसलिए पार्षद पति, अध्यक्ष पति,सरपंच पति जैसी प्रथाओं को समाप्त करना होगा। और महिलाओं को अपना हक, अपने हाथों में लेना होगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इसी दिशा में वे निरंतर कार्य कर रहे हैं। सिंधिया ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार पहले दिन से नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। आज केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई उज्ज्वला योजना और ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं के चलते हमारी बहनें तकनीक का उपयोग कर खेती-किसानी में हाथ बटा रहीं हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

सिंधिया ने किया जिले के होनहारों के साथ संवाद

युवाओं का जज्बा और मेहनत ही जिले का भविष्य : सिंधिया

विभिन्न आयामों पर पहुंचे युवाओं ने बताई अपनी बात

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री व गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरूवार को जिले के प्रतिभाशाली युवाओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने यूपीएससी, पीएससी चिकित्सा और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफलता अर्जित कर परिवार, जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सभी युवा गुरूवार सर्किट हाऊस में केंद्रीय मंत्री से मिले थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरे अशोकनगर के इन होनहार बच्चों ने अपनी लगन और परिश्रम से न सिर्फ परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि प्रदेश की प्रगति में भी नई ऊर्जा का संचार किया है। वहीं संवाद के दौरान सिंधिया ने युवाओं को करियर के साथ जीवन को भी संतुलित रखने के लिए कुछ अहम सूत्र साझा किए। उन्होंने इन प्रतिभाशाली युवाओं से कहा कि स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, स्वस्थ शरीर और मन ही सफलता की आधारशिला हैं। साथ ही उन्होंने समय प्रबंधन, परिवार के साथ जुड़ाव तथा देश और समाज के प्रति दायित्व को निभाने की बात कही। सिंधिया ने कहा कि व्यक्तिगत सफलता तभी सार्थक है जब वह राष्ट्र और समाज के हित में योगदान करे। वहीं सिंधिया ने युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभाशीष देते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और जज्बा हम सबके लिए प्रेरणा है और आप सभी में मुझे अपने अशोकनगर का उज्ज्वल भविष्य दिखाई देता है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद के साथ इन प्रतिभाशाली युवाओं का यह संवाद सम्मान के साथ ही अगली पीढ़ी को मार्गदर्शन देने वाला भी रहा, जिससे युवाओं को अपने जीवन व करियर दोनों में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा मिली।

एक नजर में

समय पर वेतन न मिलने से परेशान सेल्समेनों का धरना प्रदर्शन जारी

अशोकनगर। समय पर वेतन मिलने सहित अन्य मांगो को लेकर मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में समिति एवं समूह भण्डार की जिला ईकाई हड़ताल प्रारंभ की गई है। यह हड़ताल प्रदेशा नेतृत्व के आव्हान पर की गई, जो आगामी 17 सितंबर तक जारी रहेगी। जिला मुख्यालय पर महासंघ द्वारा की जा रहीं हड़ताल कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर की जा रहीं है, जहां समिति के सदस्यों द्वारा धरना दिया जा रहा है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें पांच माह से वेतन नहीं मिला है, और समय पर ही नहीं मिलता है। वहीं उन्होंनें बताया जो निर्धारित वेतन है वह 10500 रूपये है, लेकिन कम दिया जाता है और करीब आठ हजार रूपये ही मिलते है। साथ ही पहले समूह भंडार वालों को 10500 वेतन मिलता था एवं समिति सेल्समैनों का वेतन भी डायरेक्ट खाते में डलवाया जाए जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में सेल्समैनों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है।

लायंस हेल्पिंग हैंड ने किया फुड फॉर हंगर की तर्ज पर कार्यक्रम

अशोकनगर। लायंस हेल्पिंग हैंड ने सुनीता जैन की अध्यक्षता में मोहरी स्थित वृद्धाश्रम में फुड फॉर हंगर के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर क्लब की सदस्यों द्वारा सभी वृद्ध जनों को अपने हाथ से बना खाना परोसने के साथ ही उनके साथ बैठकर उनके दिल की बात जानी। पीएमजेएफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि लायनिज्म में फूड फॉर हंगर एक मुख्य कार्यक्रम होता है जो प्रांत के हर क्लब को नियमित रूप से हर वर्ष करना होता है। लायंस हेल्पिंग हैंड भी विगत 8 सालों से हर वर्ष करीब 3 से 4 बार ये कार्यक्रम अवश्यकता है।

पार्क में अव्यवस्थाएं देख सीएमओ ने कर्मचारियों को लगाई फटकार

लोगों ने पार्क की दुर्दशा के फोटो वीडियो भेजे सीएमओ को, सीएमओ ने किया पार्क का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

मुंगावली। मंगलवार को नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट द्वारा नगर के भुजरिया तालाब पार्क का निरीक्षण किया गया, यह निरीक्षण लगातार मिल रही पार्क में सैर सपाटा करने वाले नागरिकों की शिकायत के चलते किया गया7 जिसमें उन्होंने वहां बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पार्क पर लंबी-लंबी झाड़ियां उग आई थी और कई समान क्षतिग्रस्त हो गया था । इसके अलावा गार्डन में आवारा मवेशियों के घुसे रहने से उनका मल मूत्र जमा हुआ पाया। जिसके सुधार की बात कही गई वही झाड़ियों को काटने के लिए बोला गया है मौके पर ही व्यवस्थापकों को पार्क के बेहतर रखरखाव के लिए लताड़ लगाते हुये समझाइस दी। इसके अलावा

पार्क ओर तालाब पर लगी लाईट जो कई दिनों से बंद है तो कई खराब भी हो चुकी है और पार्क को असामाजिक तत्त्वों द्वारा खराब किया जा रहा है ओर पार्क भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

नागरिकों ने फोटो वीडियो भेजकर बया की स्थिति :

ऐसे में अब जब सीएमओ ने पार्क का निरीक्षण किया है तो पाया कि पार्क के व्यवस्थापकों द्वारा देख रेख के नियमों को अनदेखा किया और पार्क में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ मिला। सीएमओ के औचक निरीक्षण से नागरिकों को कुछ सुधार की उम्मीद जरूर जगी है क्योंकि जब यह पार्क का निर्माण हुआ था और नागरिकों के लिए खोल दिया गया था। तब बड़ी संख्या में लोग इस पार्क में जाने लगे थे और शारीरिक व्यायाम के अलावा योग भी करते थे मगर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह पार्क धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो रहा थ, जिसकी शिकायत नागरिकों द्वारा सीएमओ विनय भट्ट से की और मौका ए हाल के वीडियो फोटो भी भेजे गए। अब देखना यह होगा कि निरीक्षण के बाद पार्क में कितना सुधार होता है।

आखिर पार्क पर क्यों नहीं दिया जा रहा ध्यान :

स्मार्ट सिटी के तहत नगर में दोनों तालाबों के पास पार्क का निर्माण कार्य किया गया था, जिसमे भुजरिया तालाब पार्क निर्माण कार्य की लागत 118.80 लाख और सिद्धेश्वर मंदिर पार्क निर्माण की लागत 55.95 लाख रुपये थी। जिससे नागरिकों को उसमें व्यायाम एवं योग के लिए व्यवस्था की गई थी मगर जिम्मेदार लोगो की अनदेखी के चलते आज इन पार्कों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे असामाजिक तत्वों की नजर अब इन पार्कों पर है और उसमें तोड़फोड़ के साथ अन्य गतिविधियों इन पार्कों में हो रही है, वही सीएमओ ने अब पार्क में सुधार की बात कही है।

इनका कहना है।

हमारे द्वारा भुजरिया तालाब का निरीक्षण किया गया है जिसमें बड़ी-बड़ी झाड़ियां, लाईट बंद और खराब मिली है साथ ही पानी का फुव्वारा भी खराब हो गया है। सभी कमियों को जल्द ही दूर कर दिया जाएगा। जिससे की नागरिकों पहले की तरह स्वच्छ और सुदंर पार्क का आनंद मिले।

विनय कुमार भट्ट, सीएमओ नगर परिषद मुंगावली

स्कूल बचाओ संघर्ष समिति की रैली आज

अशोकनगर। गर्ल्स स्कूल के लिए आवंटित जगह पर हुए अतिक्रमण को हटाने व स्कूल भवन के निर्माण की मांग पर स्कूल बचाओ संघर्ष समिति के साथ छात्रों,अभिभावकों और शहर के नागरिकों द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की जीत हुई है। लेकिन समिति द्वारा की जा रही सभी मांगे अभी पूरी नहीं हुई है। गर्ल्स स्कूल के नवीन भवन के लिए लागत राशि जल्द मंगाकर स्कूल भवन का अतिशीघ्र निर्माण करने की जरूरत है इसके साथ ही के 9 सरकारी स्कूल जिनका नाम सीएम राइज (सांदीपनि) स्कूल में मर्ज कर बंद करने की सूची में शामिल है इस पर रोक लगाकर आदेश जल्द से जल्द प्रशासन और शिक्षा विभाग को निकालना चाहिए और जिन स्कूलों को बंद कर दिया गया है उनको पुन: यथावत शुरू किया जाने की मांग को लेकर 12 सितंबर शुक्रवार को समिति द्वारा अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होगी।

गांव-गांव जाकर लोगों को नशा के प्रति किया जा रहा जागरूक

अशोकनगर। पितृपक्ष में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा गांव-गांव जाकर श्रीमद्भगवद्गीता के सातवे अध्याय ज्ञानविज्ञानयोग का स्वाध्याय करवाया जा रहा है। इसी क्रम बुधवार को श्री हनुमान जी मन्दिर लखेरी में सभी ग्रामीणजनों के साथ स्वाध्याय किया गया। जिसमें बताया कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं हे पार्थ जो पुरुष मुझमें परम प्रेम करके इस परम रहस्य-युक्त गीताशास्त्र को मेरे भक्तों में कहेगा, वह मुझको ही प्राप्त होगा- इसमें कोई सन्देह नहीं है, उससे बढ़कर मेरा प्रिय कार्य करनेवाला मनुष्यों में कोई भी नहीं है; तथा पृथ्वीभर में उससे बढ़कर मेरा प्रिय दूसरा कोई भविष्यमें होगा भी नहीं। जो पुरुष इस धर्ममय हम दोनोंके संवादरूप गीताशास्त्र को पढ़ेगा, उसके द्वारा भी मैं ज्ञानयज्ञ से पूजित होऊँगा-ऐसा मेरा मत है। जो मनुष्य श्रद्धायुक्त और दोषदृष्टिसे रहित होकर इस गीताशास्त्र का श्रवण भी करेगा, वह भी पापोंसे मुक्त होकर उत्तम कर्म करनेवालोंके श्रेष्ठ लोकोंको प्राप्त होगा। उक्त बाते लखेरी बसारती के हनुमान जी मंदिर परिसर के हनुमान मंदिर में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति के सदस्य गीतावृती रामबली द्वारा सभी को समझाते हुए कहा कि परमात्मा की अनंतकृपा से हमको मनुष्य जन्म मिला है और प्रभु ने हमें शुद्ध शाकाहारी, नशामुक्त, परोपकारी, शास्त्र अनुसार जीवन जीने की प्रेरणा दी है हम सबको अपने पूर्वजों स्मृति में वृक्षारोपण करना है?

तीर्थ क्षेत्र रणथंभोर पत्रिका का हुआ विमोचन

13 और 14 को महिला महासमिति का अधिवेशन

धर्मसभा को मुनिश्री ने किया संबोधित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलश रखने के संबंध में कहा कि बहार वाले को कलश ना मिले हम अपने द्रव्य का सदुपयोग कर सकें महाराज के साथ कुबेर चलते हैं मैं भी महाराज का कुबेर बनूगा, सूरत में संस्कार शिविर हुआ तो वहां का पुणर्जक कहता है कि जीवन भर के शिविर मेरे परिवार से होगा, मैंने कहा कि यदि एक ही व्यक्ति शिविर लगाता रहा तो हर नगर कुबेर कहा से आयेंगे और आज तक सूरत वाले की आवश्यकता नहीं हुई अपना मोन इज्जत वाले के सामने खोलना दुष्ट के समाने सत्य मत रखना दुष्ट और ज्यादा भड़कते चले जाते हैं उक्त आश्य के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिपुगंवश्री सुधासागर जी महाराज ने व्यक्त किए इस दौरान उन्होंने कहा कि महान व्यक्ति वो जो समर्थ वान होकर असमर्थ से सन्धि कर रहा है तो समझ लेना कि वह कोई महान व्यक्ति हैं जव विभीषण श्री राम चन्द्र जी की शरण में पहुंचे तो श्री राम ने कहा कि विभीषण आप अपने भाई को



समझाये दुष्ट कभी अहंकार को पुष्ट करने में पीछे नहीं रहते हैं श्री कृष्ण शक्ति शाली होकर भी दूत वनकर चले गए समर्थ हो कर भी मौन बैठे हैं पूज्य आचार्य श्री कहते हैं महान वनना है या समान वनना है तुम जवाव देकर समान वन जाओगे खोटा आदमी कभी मौन धारण नहीं करना वह अपनी बात को सिद्ध करने के लिए बार बार झूठ बोलता चला जाता है सत्य वान मौन हो जाता है सत्य बान की एक दिन विजय होगी असत्य बोलने वाला बार बार बोल कर अपनी बात को सिद्ध करना चहता है तुम शक्ति बान हो समर्थ वान है । इस दौरान उन्होंने कहा कि दुष्ट कभी अहंकार को पुष्ट करने में पीछे नहीं रहते हैं श्री कृष्ण शक्ति शाली होकर भी दूत बनकर चले गए समर्थ हो कर भी मौन बैठे हैं पूज्य आचार्यश्री कहते हैं महान बनना है या समान बनना है तुम जवाब देकर समान वन जाओगे खोटा आदमी कभी मौन धारण नहीं करना वह अपनी बात को सिद्ध करने के लिए बार-बार झूठ बोलता चला जाता है सत्यवान मौन हो जाता है सत्यवान की एक दिन विजय होगी, असत्य बोलने वाला बार-बार बोल कर अपनी बात को सिद्ध करना चहता है तुम शक्ति बान हो समर्थ वान हो इसलिए मौन रहकर कार्य करो।

13-14 को होगा महिला महासमिति का राष्ट्रीय अधिवेशन :

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में 13-14 सितम्बर को अखिल भारतीय महिला महा समिति एवं श्रमण संस्कृति संस्थान संगठन का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन सुधामय सभा मंडप स्टेशन रोड स्थित मंगल अग्रवाल पैलेस में 13-14 सितम्बर को होगा। इस हेतु महा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोडिया जयपुर, राष्ट्रीय महामंत्री इन्द्र गांधी, इन्दू शिरोमणि संरक्षक श्री मति सुशीला पटनी, शांत पाटनी,ने सभी तैयारियों को पुणर्जक परिवार राजेश जैन कक्का, निखिल कुमार पीलू जैन, जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, उपाध्यक्ष अजित बरोदिया, प्रदीप तारई, राजेन्द्र कार्य में लगे हुए है।

हड़ताल समाप्त

तहसील में आयोजित बैठक के बाद हुआ निर्णय

14 दिनों से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त

नवभारत न्यूज

चंदेरी। बीते 14 दिनों से चल रही सफाई कर्मियों की हड़ताल स गुरुवार को समाप्त हो गई। गुरुवार की सुबह हसील कार्यालय में एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप दरोगा, सीएमओ प्रदीप शर्मा, नपाध्यक्ष संतोष कोली,नपा उपाध्यक्ष राजीव सिहारे, राहुल शेषा और बाहूबली कठरया के साथ सफाई कर्मियों की अपनी विभिन्न मांगों के संदर्भ में वार्ता की गई और सोहार्द पूर्ण बातावरण में सभी मांगों पर सहमति के साथ हड़ताल तोड़ने का निर्णय लिया गया। सफाई कर्मियों द्वारा सीएमओ को दिए

गए अपनी मांगों के मांग पत्र पर आपसी सहमति बनी और हड़ताल से जुड़े सभी सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट आए। यहां उल्लेखनीय है की सफाई कर्मचारियों की 14 दिनों की हड़ताल से शहर में सफाई व्यवस्था वेपटरी हो गई थी जगह-जगह कचरा फैला हुआ था शहर में सफाई न होने के कारण सड़कों, गलियों और बाजारों में गंदगी का अंबार लग गया था। दूसरी तरफ शहर की सफाई के लिए नगर पालिका द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी लेकिन उससे ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा था। सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म करने के बाद दोपहर से ही सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया ।सफाई कर्मियों ने विश्वास दिलाया की 14 दिनों से जो साफ सफाई नहीं हो पाई उसे हम अगले दो दिनों में लगातार कार्य करके शहर को पहले जैसा साफ-साफ स्वच्छ कर देंगे।

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रूपेश घावरी ने कहा कि हमारी जो मांगे थी उन पर एसडीएम, सीएमओ ,तहसीलदार,नपाध्यक्ष , उपाध्यक्ष सभी के समक्ष बैठक हुई जिसमें हमारी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने का उन्होंने मौखिक रूप से और लिखित रूप में आश्वासन दिया है, जिसके बाद हमने ने अपनी मांगों को मानते हुए काम बंद हड़ताल को समाप्त कर पुन: अपने काम पर जाने का निर्णय लिया है ।

इनका कहना है।

समस्त सफाई कर्मियों ने समक्ष में आकर अपनी कुछ और मांगे भी रखी थी। जिनके बारे में विस्तार से बात हो गई है सफाई कर्मी नगर पालिका प्रशासन के द्वारा किए गए कार्यों से संतुष्ट है सभी के द्वारा सफाई के कार्य में वापस आने की सहमति दी गई है।

शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीएम चंदेरी।